# श्री राम जी के चरणों में मन को लगा ले रे लिरिक्स

श्री राम जी के चरणों में,
मन को लगा ले रे,
तेरी किस्मत के,
ताले खुल जाएंगे,
ध्यान में उनके तू,
खुद को भुला ले रे,
तेरी किस्मत के,
ताले खुल जाएंगे।bd।

---

काहे को बैठा तू,
होके लाचार,
जीवन से तू रे भैया,
हिम्मत ना हार,
रघुनन्दन के गुणगान जरा,
तू भी तो गुनगुना ले रे,
तेरी किस्मत के,
ताले खुल जाएंगे।bd।

---

कलयुग में है केवल,
नाम आधारा,
नाम लिए तो,
भवसिंधु हो पारा,
चौरासी लाख जन्मों का,
फेरा मिटा ले रे,
तेरी किस्मत के,
ताले खुल जाएंगे।bd।

---

शबरी ने तो केवल,
नाम जपा था,
यज्ञ हवन ना कोई,
दान किया था,
‘नीरज’ तू भी क्यों ना यही,
विधि अपना ले रे,
तेरी किस्मत के,
ताले खुल जाएंगे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

श्री राम जी के चरणों में,
मन को लगा ले रे,
तेरी किस्मत के,
ताले खुल जाएंगे,
ध्यान में उनके तू,
खुद को भुला ले रे,
तेरी किस्मत के,
ताले खुल जाएंगे।bd।

**Singer – Neeraj Patel**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com